# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

## 27वीं बिहार न्यायिक सेवा (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा, 2011

27वीं बिहार न्यायिक सेवा (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आयोग के विज्ञापन संख्या – 45/2009 के अधीन प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक 30.12.2009 को सम्पन्न (प्रारम्भिक) परीक्षा में माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश दिनांक 11.05.2011 के अनुपालन में 3813 अतिरिक्त सफल घोषित उम्मीदवारों, जिनमें सामान्य कोटि (01) के 3543, अनुसूचित जाति (02) के 251 एवं अनुसूचित जनजाति (03) के 19 उम्मीदवार हैं, से मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मुख्य (लिखित) परीक्षा के आयोजन की अवधि के सम्बन्ध में अलग से सूचना दी जायेगी।

चयन की प्रक्रिया :– नियुक्ति हेतु चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

(अ) लिखित परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम निम्नवत् हैं:–

परीक्षा के अनिवार्य विषय

| क्र.सं. | विषय | विषय कोड | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य ज्ञान (सामयिक घटनाओं सहित) (General Knowledge including current affairs) | 01 | 150 |
| 2. | प्रारंभिक सामान्य विज्ञान (Elementary General Science) | 02 | 100 |
| 3. | सामान्य हिन्दी (General Hindi) | 03 | 100 |
| 4. | सामान्य अंग्रेजी (General English) | 04 | 100 |
| 5. | साक्ष्य एवं प्रक्रिया विधि (Law of Evidence & Procedure) | 05 | 150 |

सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी पत्र में 30 अंक न्यूनतम योग्यता प्रदायी होगा जिसे नहीं प्राप्त करने पर उम्मीदवार को लिखित परीक्षा हेतु योग्यताप्राप्त नहीं माना जायेगा। सामान्य हिन्दी एवं सामान्य अंग्रेजी के प्राप्तांक मेधा सूची में नहीं जोड़े जायेगें।

परीक्षा के ऐच्छिक विषय

उम्मीदवारों को निम्नांकित पाँच विषयों में से किसी तीन विषय को चुनने की स्वतंत्रता होगी :–

| क्र.सं. | विषय | विषय कोड | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 6. | भारत और इंगलैंड की संवैधानिक विधि (Constitutional Law of India & England) | 06 | 150 |
| 7. | हिन्दू विधि और मुस्लिम विधि (Hindu Law & Mohammadan Law) | 07 | 150 |
| 8. | संपत्ति अंतरण विधि (Law of Transfer of Property) और साम्य सिद्धान्त (Principle of Equity), न्याय विधि–विशिष्ट और अनुतोष (Law of Trusts and Specific Relief) सहित | 08 | 150 |
| 9. | संविदा और अपकृत्य विधि (Law of Contracts & Torts) | 09 | 150 |
| 10. | वाणिज्य विधि (Commercial Law) | 10 | 150 |

(ब) लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए 100 अंकों का साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण आयोजित किया जायेगा।
(लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार की जायेगी।)

## आवेदन पत्र भरने हेतु आवष्यक निर्देष

1. प्रविष्टि:

(i) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ए–4 आकार (210×297 मिमी॰) के मोटे कागज पर आयोग के वेबसाइट **http://bpsc.bih.nic.in** से डाउनलोड कर व्यवहार में लायें। **आवेदन प्रपत्र तीन पृष्ठों में ही कागज के दोनों पार होना चाहिए। निर्धारित प्रपत्र से अलग, मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

(ii) **आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन से स्वहस्तलिपि में साफ–साफ अंकित करें। चूंकि आवेदन कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा प्रोसेस किया जाना है, अतः यह अनिवार्य है कि आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही हो, उचित एवं पूर्ण रूप से भरा हो और उसमें कोई संषोधन/परिवर्तन/ओवरराइटिंग नहीं हो। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अंतर्राष्ट्रीय अंकों का ही प्रयोग करें।**

(iii) आवेदन–पत्र में रिक्त आयतों को समुचित तरीके से इस प्रकार भरें, जैसे

1. **आवेदन की कंडिका 1(i) में देवनागरी लिपि में नाम, यथा; स्निग्धा, इस प्रकार भरा जाय –**

| स्नि | न | ग | धा | | |
|---|---|---|---|---|---|

2. **हिन्दी अथवा अंग्रेजी में एक शब्द के बाद एक ब्लॉक रिक्त रखें।**
3. **आवेदन की कंडिका 2(iii) यदि आप किसी आरक्षित वर्ग से हैं तो 1 भरें एवं नहीं हैं तो 2 भरें।**
4. **आवेदन की कंडिका 2(iv) यदि हाँ, तो संबंधित आरक्षित वर्ग का कोड अनु॰ जाति के लिये 02, अनु॰ जनजाति के लिये 03 भरें।**
5. **आवेदन की कंडिका 4(i) भाषेतर विषय का उत्तर किस विषय में देना चाहते हैं, में हिन्दी के लिये 1 भरें एवं अंग्रेजी के लिये 2 भरें।**

उसी प्रकार सभी आयतों को भरें। **अपूर्ण अथवा अनुचित तरीके से भरे गये आयतों को अधूरी/अपूर्ण सूचना समझी जायेगी एवं आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

(iv) जो स्तम्भ (कॉलम) उम्मीदवार से संबंधित न हो अथवा उसपर लागू न हो, उसे क्रॉस (×) कर दें।

(v) **क्रमांक 9 ''शैक्षिक योग्यता'' के अधीन** 'प्राप्तांक'/'पूर्णांक' **एवं प्रतिषत के स्तम्भों में अतिरिक्त विषय के अंक एवं प्रतिषत को नहीं जोड़ें।**

(vi) स्तम्भ (कॉलम) 14 में उम्मीदवार अपनी शारीरिक पहचान का एक विषिष्ट चिह्न अवष्य अंकित करें जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

(vii) स्तम्भ (कॉलम) 15 में यदि कोई सूचना विज्ञापन में वांछित हो, तब ही भरें। अन्यथा, उसे क्रॉस (×) कर दें।

2. फोटोग्राफ:

आवेदन–पत्र के पृ॰ 1 एवं 3 पर फोटो चिपकाने हेतु छोड़े गए खाली जगह में अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। **फोटो स्टेपल न करें या सेलोटेप से न साटें। गोंद से अच्छी तरह चिपकाएँ।** दोनों फोटो प्रारम्भिक परीक्षा में प्रयुक्त फोटो के अनुरूप ही (एक ही निगेटिव से बना) होना चाहिए। अन्य एवं अस्पष्ट फोटो आवेदन–अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

3. लिफाफा:

(i) लिफाफा के ऊपर **27वीं बिहार न्यायिक सेवा (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा** अनिवार्य रूप से अंकित करें। उसपर अपना अनुक्रमांक, नाम एवम् पूरा पता अंकित करें।

(ii) **16×10 से॰मी॰ का स्वपता लिखित दो लिफाफा (पावती एवं प्रवेष पत्र निर्गत करने हेतु), जिसपर 25–25 रूपये का डाक टिकट सटा हो, विहित आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।**

**4.** **आरक्षणः**

(i) आवेदन पत्र में, नियत क्रमांक के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी, जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है अर्थात् जो बिहार के मूलवासी हैं। बिहार राज्य के बाहर के निवासी अभ्यर्थी आरक्षण के लाभ हेतु दावा नहीं करेंगे।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की दशा में अपने स्थायी अधिवास जिला के अंचल अधिकारी अथवा उनसे उच्च स्तर के पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। **विहित मूल आरक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवार के साक्षात्कार की तिथि अंतिम तिथि होगी; उक्त तिथि के पश्चात प्रस्तुत किया गया जाति प्रमाण पत्र अमान्य होगा, और संबंधित उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) कोटि में अंकित किये जायेंगे।**

**5.** **शुल्कः**

केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 75/– (पचहत्तर) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 125/– (एक सौ पचीस) रूपये तथा अन्य के लिए 300/– (तीन सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 350/– (तीन सौ पचास) रूपये चालान के माध्यम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करें। उक्त चालान आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है। **चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन के साथ निश्चित रूप से संलग्न करें तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखें।**

**6.** **अन्यः**

(i) आवेदन के साथ सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म तिथि के निमित्त मैट्रिक प्रमाण पत्र संलग्न करना आवष्यक है। सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हो, संलग्न करें।

(ii) **आवेदक के साथ उम्मीदवार को आचरण प्रमाण पत्र उस संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय का संलग्न करना होगा जहाँ उम्मीदवार अंतिम रूप से अध्ययनरत रहे हों।**

(iii) वैवाहिक स्थिति के संबंध में एक से अधिक जीवित पत्नी होने की दशा में इसके औचित्य के कारणों का उल्लेख अवष्य करें।

(iv) उम्मीदवार का स्वास्थ्य, शरीर–रचना, आदत एवं चरित्र न्यायिक सेवा के दायित्वों की पूर्ति के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

(v) स्वास्थ्य प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(vi) **अपूर्ण, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं होगा।**

**7.** **अंतिम तिथिः**

(i) **भरा हुआ आवेदन केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेंजे कि शुक्रवार, दिनांक 30.09.2011 को 5.00 बजे अपराह्न तक परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।**

(ii) **यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन आयोग में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इसके लिए आयोग कतई जिम्मेवार नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना